# राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0

## 7 / 23, सेक्टर–7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226027

### राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 में परियोजना अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

**पत्रांक–4513 / 1001 / दो / 2017** **दिनांक–23.10.2018**

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के नियंत्रणाधीन राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सूडा / डूडा में परियोजना अधिकारी के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु राजकीय विभागों में कार्यरत इच्छुक कार्मिकों के आवेदन–पत्र निम्न प्रारूप पर पूर्ण सेवा–विवरण एवं सेवायोजक / सक्षम प्राधिकारी की अनापत्ति एवं अग्रसारण सहित दिनांक–13.11.2018 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

पद का विवरण, वेतनमान एवं अर्हताएंः–

| क्र0सं0 | पदनाम | पद हेतु निर्धारित वेतनमान | अर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 1. | परियोजना अधिकारी | 9300–34800 ग्रेड पे–4200 / –<br>(अपुनरीक्षित)<br>छठा वेतनमान | अभ्यर्थी की भर्ती अपने मूल विभाग में समकक्ष वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4200 / – (अपुनरीक्षित) (छठा वेतनमान) में हुयी हो तथा उक्त वेतनमान में 05 वर्ष से कार्यरत हों। अभ्यर्थी के पास शहरी सामुदायिक विकास का 03 वर्ष का अनुभव अथवा समाज कार्य / गृह, बाल विकास /समाज विज्ञान अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में इंजीनियरिगं (सिविल तथा वाणिज्य /सांख्यिकी / लेखा की स्नातक डिग्री योग्यता होगी। |

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम
2. अभ्यर्थी का नाम
3. मूल विभाग का नाम/मूल विभाग में पदनाम
4. गृह जनपद
5. वेतनमान (मूल विभाग में भर्ती के समय वेतनमान/ग्रेड–पे छठे वेतनमान के अनुसार)
6. सेवा अनुभव (छठे वेतनमान 9300–34800 ग्रेड–पे 4200 में)
7. वर्तमान पद पर नियुक्ति की प्रकृति (स्थायी/अस्थायी)
8. शैक्षिक योग्यता /विशेष योग्यता
9. आरक्षित श्रेणी का विवरण
10. पत्र व्यवहार का पता
11. विभागीय अनुशासंनिक कार्यवाही /सतर्कता जांच इत्यादि का विवरण
12. अनापत्ति प्रमाण–पत्र जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत हों
13. अन्य विवरण यदि कोई हो,
14. प्रमाण कर्ता अधिकारी/अग्रसारित करने वाले अधिकारी का नाम हस्ताक्षर एवं मोहर
15. आवेदन कर्ता की पिछले 05 वर्ष कीगोपनीय प्रविष्टियों की प्रमाणित छायाप्रतियॉ।

आवेदक के हस्ताक्षर——————————————————

मोबाइल नं0——————————————————————

ईमेल आईडी ———————————————————

नियम व शर्तेः–

1. अभ्यर्थी राजकीय विभाग में कार्यरत स्थायी कार्मिक होना चाहिये। रूग्ण इकाई/विभाग के अभ्यर्थी का आवदेन स्वीकार्य नही होगा।
2. बिना नियुक्ति प्राधिकारी/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) के आवेदन–पत्र स्वीकार्य नहीं होंगें।
3. आवेदित अभ्यर्थी की अपने मूल विभाग में उनकी नियुक्ति 9300–34800 ग्रेड पे–4200/– (छठे वेतनमान) में हुयी हो तथा 9300–34800 ग्रेड पे–4200/– (छठे वेतनमान) में न्यूनतम 05 वर्ष से कार्यरत हों।